'गुड टच-बैड टच' पर बात करना है जरूरी : स्मृति

सालों से, स्टार प्लस ने ड्रामे, इमोशन और कभी न भूलने वाले ट्विस्ट से भरी कहानियों के साथ दर्शकों को बांधे रखा है. इसके सबसे आइकॉनिक शोज में 'क्यूंकि सास भी कभी बहू थी' का नाम सबसे ऊपर आता है, जो सिर्फ एक फैमिली ड्रामा ही नहीं है, बल्कि एक ऐसा शो है जिसने लगातार अपने प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल जरूरी सोशल इश्यूज को दिखाने और उन पर सार्थक बातचीत शुरू करने के लिए किया है.

हाल ही के स्टोरीलाइन में, तुलसी को परी की बेटी गरिमा के साथ उसके दर्दनाक किडनैपिंग के बाद एक दिल छू लेने वाली और जरूरी बातचीत करते हुए देखा गया है. इस घटना को नजरअंदाज करने के बजाय, तुलसी धीरे से उसका सामना करती है, उससे पूछती है कि क्या हुआ था और 'गुड टच' और 'बैड टच' के बीच का फर्क समझाती है. इससे भी ज्यादा जरूरी बात यह है कि वह बच्ची को बोलने के लिए प्रोत्साहित करती है और उसे याद दिलाती है कि चाहे कुछ भी हो, उसकी आवाज मायने रखती है और उसकी सुरक्षा सबसे पहले आती है.

इस शो की कहानियों के जरिए बदलाव लाने और जागरूकता पैदा करने पर बात करते हुए स्मृति ईरानी ने साझा किया, 'जब हम 'क्यूंकि' की विरासत को आपके टेलीविजन स्क्रीन पर वापस लाए, तो यह सिर्फ एक कमबैक नहीं था. यह एक कमिटमेंट था. बदलाव की बात करने का एक वादा था. उम्मीद को थामे रखने का वादा. उन कहानियों को बताने के लिए जिनके बारे में अक्सर फुसफुसाहट तो होती है, लेकिन उनका सामना शायद ही कभी किया जाता है. हमने घरेलू हिंसा के बारे में बात की. हमने उम्र बढ़ने (एजिंग) पर बातचीत शुरू की.

सोनाक्षी ने 'वेयर द हार्ट इज' के लिए खोले घर के द्वार

एशियन पेंट्स वेयर द हार्ट इज़ सीज़न 9 के नए एपिसोड में, बॉलीवुड के प्यारे कपल ने 'सा'दा' के द्वार खोले, जिसका अरबी में अर्थ है 'खुशी और आनंद' और संस्कृत में इसका मतलब है 'सरल', जिसका अर्थ है ज़िंदगी की सरल खुशियां. यह पेंटहाउस कपल की उस सोच को दर्शाता है जहां कम्फर्ट को तवज्जो दी गई है. यहां किसी भी चीज़ को छूने, एक जगह से दूसरी जगह हटाने में कोई हिचक नहीं होती और यहां आप सहजता से खुशी से झूम सकते हैं. प्रवेश करते ही लिविंग एरिया दिखता है जहां धूप और प्राकृतिक रोशनी है, इसका लेआउट आवाजाही, मेलजोल और सहजता को बढ़ावा देता है. घर में सौम्य, शांत रंगों का इस्तेमाल किया गया है, जिन्हें अलग-अलग जगहों पर सोच-समझकर चटख रंगों से लेयर किया गया है, जैसे कि बोल्ड रेड रेफ्रिजरेटर से लेकर ऑरेंज सोफा तक.

कार्तिक की फिल्म लुका छुपी के प्रदर्शन के सात साल पूरे

बॉलीवुड स्टार कार्तिक आर्यन की फिल्म 'लुका छुपी' के प्रदर्शन के सात साल पूरे हो गए हैं. 'लुका छुपी' को सिर्फ़ एक रोमांटिक कॉमेडी के तौर पर नहीं, बल्कि एक ऐसी फिल्म के रूप में याद किया जाता है, जिसने यह दिखाया कि अगर कहानी सच्ची और ज़मीन से जुड़ी हो, तो मिड-बजट की फिल्म भी बड़ा कमाल कर सकती है.

इस फिल्म ने भारत में लिव-इन रिलेशनशिप जैसे संवेदनशील विषय को बड़े हल्के और समझदारी भरे अंदाज़ में दिखाते हुए छोटे शहरों और मध्यमवर्गीय परिवारों की सोच को सामने रखा. निर्देशक विशेष रूप से लक्ष्मण उतेकर ने मुद्दे को न तो ज़्यादा गंभीर बनाया और न ही बेवजह चौंकाने वाला बनाया, बल्कि हंसी, भावनाओं और पारिवारिक उलझनों के ज़रिये इस तरह पेश किया, जिससे हर उम्र के दर्शक इससे जुड़ गए. मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बनी इस फिल्म का निर्माण दिनेश विजान ने किया था. लगभग 25 करोड़ के बजट में बनी यह फिल्म पूरी तरह मिड-बजट कैटेगरी में थी. बड़े-बड़े आलिशान सेट और भारी वीएफएक्स की बजाय फिल्म का आधार थी साफ़ कहानी, और इसी के साथ थी आम लोगों जैसे किरदार और रोज़मर्रा की ज़िंदगी से जुड़ा कॉन्सेप्ट.

'सोनू के टीटू की स्वीटी' की बड़ी सफलता के बाद यह फिल्म कार्तिक आर्यन के लिए बहुत अहम भी थी क्योंकि कुछ लोगों को लगा था कि उनकी पिछली हिट बस एक संयोग मात्र . हालांकि 'लुका छुपी' ने लोगों की यह सोच पूरी तरह बदल दी. बिल्कुल अलग किरदार और माहौल में भी कार्तिक ने ये साबित कर दिया कि दर्शक उनसे सच में जुड़ते हैं.

इसके साथ ही बॉक्स ऑफिस पर भी फिल्म ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दुनियाभर में 125 करोड़ से ज़्यादा की कमाई की थी और अपने साल की सबसे मुनाफ़ेदार फिल्मों में शामिल हो गई थी. मिड-बजट फिल्म के हिसाब से यह एक साफ़ ब्लॉकबस्टर थी. फिल्म में कार्तिक का 'गुड्डू शुक्ला' का किरदार खास तौर पर पसंद किया गया था.



कलाकारों ने बताए होली पर त्वचा की देखभाल के खास टिप्स !

होली रंगों, हंसी और उल्लास का त्योहार है, लेकिन यह त्वचा के लिए चुनौती भी बन सकता है. रंगों के बाद त्वचा रूखी, बेजान या दागदार हो सकती है. ऐसे में टेलीविजन कलाकार, जिनकी त्वचा हमेशा कैमरे की रोशनी में रहती है, विशेष देखभाल पर जोर देते हैं. एण्डटीवी के लोकप्रिय कलाकारों ने होली से पहले और बाद की स्किनकेयर रूटीन शेयर की है, ताकि त्योहार का आनंद भी बना रहे और चमक भी. इन कलाकारों में शामिल हैं - अक्षया नाइक, (आगामी शो 'हे भगवान कितना बदल गया इंसान' की ईना शर्मा), प्रियंवदा कांत 'घरवाली पेड़वाली' की लतिका), गीतांजलि मिश्रा ('हप्पू की उलटन पलटन' की राजेश) और विदिशा श्रीवास्तव ('भाबीजी घर पर हैं' की अनीता भाबी). अक्षया नाइक, जोकि जल्द ही एण्डटीवी के आगामी शो 'हे भगवान-कितना बदल गया इंसान' में ईना शर्मा की भूमिका में नजर आएंगी, ने कहा, 'होली मस्ती भरी होती है और मुझे यह बेहद पसंद है.

नरम दिल वाले ही-मैन को दिल से सलाम

मारुति सुजुकी प्रस्तुत 24वें ज़ी सिने अवॉर्ड्स 2026 में भारतीय सिनेमा का जश्न एक बार फिर भव्य अंदाज में मनाया जाएगा. यह खास शाम टैलेंट, जज़्बात और सितारों और उनके फैंस के बीच के मजबूत रिश्ते को समर्पित होगी. इस मौके पर संगीत की गूंज के बीच, महान एक्टर धर्मेंद्र जी को एक खास श्रद्धांजलि दी जाएगी. मशहूर म्यूजिक कंपोजर मिथुन और सिंगर पलक मुच्छल अपने सुरों से उनके शानदार सफर और सिनेमा पर उनके गहरे असर को मंच पर जिंदा करेंगे. दर्शक भी इस भव्य शाम को लाइव देखने के लिए टिकट बुक कर सकते हैं और इस खास जश्न का हिस्सा बन सकते हैं. यह प्रस्तुति भारतीय सिनेमा के उन छह दशकों को सलाम करेगी, जिन्होंने दर्शकों के दिलों को छुआ, एक दौर को पहचान दी और कई पीढ़ियों को प्रेरित किया. धर्मेंद्र जी सिर्फ एक स्टार नहीं थे, वो सिनेमा की पहचान थे, जिनमें गर्मजोशी, हिम्मत, अपनापन और सच्चाई साफ नजर आती थी. उनकी पहचान एक ऐसे इंसान की रही, जो दिल से बेहद नेक और उदार थे. साल 2005 में ज़ी सिने अवॉर्ड्स में धर्मेंद्र जी को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था. उस वक्त उन्होंने कहा था, 'मुझे अवॉर्ड्स बहुत कम मिलते हैं, लेकिन जब भी मिलते हैं, मुझे लगता है कि मेरे फैंस खुद को मुझमें देखते हैं. अब जब मैं यह अवॉर्ड अपने हाथ में लेता हूं, तो मुझे अपने फैंस नजर आते हैं, इसलिए मैं यह शाम अपने सभी प्यारे फैंस को समर्पित करता हूं.

डायना पेंटी ने मिलान फैशन वीक में बिखेरा जलवा

बॉलीवुड अभिनेत्री डायना पेंटी ने मिलान फैशन वीक में टॉड्स के फॉल-विंटर 26/27 शो में जलवा बिखेर दिया. डायना पेंटी ने टॉड्स के वुमेन्स फॉल-विंटर 26/27 शो में अपनी खास मौजूदगी से सबका ध्यान खींचा. उन्होंने ब्रांड की पारंपरिक कारीगरी और आधुनिक अंदाज़ का खूबसूरत मेल पेश किया.

यह शो इटली की समृद्ध कारीगरी को समर्पित एक खास माहौल में आयोजित किया गया था. यहां टॉड्स के कारीगरों के साथ अलग-अलग क्षेत्रों के कलाकारों ने लाइव अपनी कला का प्रदर्शन किया. इस प्रस्तुति ने 'मेड इन इटली' की गुणवत्ता, बारीकी और उत्कृष्टता को दर्शाया. टॉड्स की 'आर्टिसनल इंटेलिजेंस' की सोच,जो परंपरा, सटीकता और बारीक काम पर आधारित है, पूरे शो में साफ नजर आई.

क्रिएटिव डायरेक्टर मैटियो तंबुरिनी ने फॉल-विंटर कलेक्शन को बेहतरीन कपड़ों और शानदार कारीगरी के साथ तैयार किया. इस कलेक्शन में लेदर खास आकर्षण रहा, जिसमें पारंपरिक सैडलरी तकनीक को आधुनिक अंदाज़ के साथ पेश किया गया.

डायना पेंटी का लुक इस सोच को पूरी तरह दर्शाता था. उन्होंने 'डी बैग फोलियो' कैरी किया, जिसे एलिगेंट स्लिंगबैक फुटवियर के साथ स्टाइल किया गया. उन्होंने स्प्रिंग-समर 2026 कलेक्शन का लुक 20 पहना, जो परंपरा और आधुनिकता का बेहतरीन संगम था.इस शो में उनकी मौजूदगी ने टॉड्स की कारीगरी और आधुनिक डिजाइन के प्रति उनकी समझ और आत्मविश्वास को उजागर किया.

सिद्धांत ने फिर अपनाया एमसी शेर वाला हेयरकट

बॉलीवुड अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी के फैंस को एक सुखद सरप्राइज़ मिला, जब वह मुंबई में आयोजित एक इवेंट में उसी शार्प हेयरकट के साथ नजर आए, जिसने उनकी फिल्म 'गली बॉय' के किरदार एमसी शेर को आइकॉनिक बना दिया था. साइड से क्लीन बज़ कट और एग्ड स्टाइलिंग देखते ही फैंस को उनका ब्रेकआउट रोल याद आ गया और सोशल मीडिया पर तस्वीरें सामने आते ही नॉस्टैल्जिया छा गया. इंटरनेट पर उत्साह की लहर दौड़ गई. फैंस ने नोटिस किया कि सिद्धांत कितनी आसानी से फिर से एमसी शेर वाले वाइब में लौट आए हैं. कई लोगों ने कहा कि सालों बाद भी यह लुक उन पर उतना ही जंचता है.

मराठी सिनेमा के प्रख्यात अभिनेता प्रसाद प्रभाकर ओक ने एक ऐतिहासिक वैश्विक उपलब्धि हासिल की है. उन्हें एक ही मराठी फिल्म के लिए किसी अभिनेता द्वारा सर्वाधिक पुरस्कार जीतने के लिए 'ग्लोबल बुक ऑफ एक्सीलेंस, इंग्लैंड' द्वारा आधिकारिक मान्यता प्रदान की गई है.

प्रसाद प्रभाकर ओक ने मराठी सिनेमा को वैश्विक पहचान दिलाई, बनाया विश्व रिकॉर्ड!

यह सम्मान वर्ष 2022 में प्रदर्शित चर्चित मराठी फिल्म धर्मवीर में उनके उत्कृष्ट अभिनय के लिए दिया गया है, जिसके लिए उन्हें अभूतपूर्व 15 प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त हुए. उनके प्रभावशाली और गहन अभिनय ने न केवल समीक्षकों की सर्वसम्मत प्रशंसा अर्जित की, बल्कि भारतीय क्षेत्रीय सिनेमा में कलात्मक उत्कृष्टता का एक नया मानदंड स्थापित किया.

धर्मवीर के माध्यम से प्रसाद ओक ने महान राजनीतिक नेता आनंद दिघे के व्यक्तित्व को जीवंत किया—जो जनता की सेवा के लिए

समर्पित और हजारों लोगों द्वारा देवतुल्य माने जाते हैं. यह फिल्म 2022 की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में से एक बनी, जबकि इसके सीक्वल ने इसकी विरासत को और सशक्त किया.

नई ट्रैवल-लव ड्रामा फिल्म 'जय हिंद जय सिंध-ए लव स्टोरी'

सैमीज एंटरटेनमेंट ने अपनी आगामी बॉलीवुड फिल्म 'जय हिंद जय सिंध - ए लव स्टोरी' की घोषणा की है. यह फिल्म प्यार, जड़ों और पहचान की एक भावनात्मक कहानी है, जो भारत के विभाजन की पृष्ठभूमि पर आधारित है. फिल्म का निर्देशन इंद्रजीत लंकेश ने किया है और यह मजबूत भावनाओं और अर्थपूर्ण कहानी का वादा करती है. निर्माताओं ने फिल्म का मोशन पोस्टर भी जारी कर दिया है, जिससे दर्शकों को फिल्म की भावनात्मक और देशभक्ति से जुड़ी दुनिया की पहली झलक मिली है. 'जय हिंद जय सिंध - ए लव स्टोरी' एक ट्रैवल-लव ड्रामा फिल्म है, जो भारत

के अलग-अलग हिस्सों में होने वाली एक रोड जर्नी के जरिए अतीत और वर्तमान को जोड़ती है. भारत-पाक विभाजन की पृष्ठभूमि में बनी यह फिल्म दिखाती है कि इतिहास ने किस तरह कई परिवारों की जिंदगी बदली और उसका असर आज भी महसूस किया जाता है.

यंग इंडिया

भौतिकी व रसायन में नियुक्ति का अवसर

बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा वर्ष 2026 के लिए प्राध्यापक पदों पर भर्ती की अधिसूचना जारी कर दी गई है. यह नियुक्ति भौतिकी एवं रसायन विषय के लिए की जा रही है, जिसके अंतर्गत कुल 13 पद निर्धारित किए गए हैं. इस भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 12 फरवरी 2026 से प्रारंभ होगी तथा इच्छुक अभ्यर्थी 06 मार्च 2026 तक आवेदन कर सकेंगे. अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे निर्धारित अंतिम तिथि से पूर्व ही अपना आवेदन पत्र भर लें तथा सभी आवश्यक दस्तावेज तैयार रखें. परीक्षा तिथि की सूचना बाद में आयोग द्वारा जारी की जाएगी, जबकि प्रवेश पत्र परीक्षा से पूर्व उपलब्ध कराए जाएंगे.

आवेदन शुल्क सभी श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए 100 रुपये निर्धारित किया गया है. इसके अतिरिक्त बैंक शुल्क अलग से देय होगा. शुल्क का भुगतान डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग, एकीकृत भुगतान अंतरफलक अथवा अन्य ऑनलाइन माध्यमों से किया जा

सकेगा. आयु सीमा की गणना 01 अगस्त 2026 के आधार पर की जाएगी. इस भर्ती के लिए न्यूनतम आयु 32 वर्ष निर्धारित है, जबकि अधिकतम आयु सीमा आयोग के नियमों के अनुसार लागू होगी. आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को नियमानुसार आयु में छूट प्रदान की जाएगी.

ट्राइडेंट समूह कर्मयोगियों की करेगा नियुक्ति

भारत के प्रमुख औद्योगिक समूहों में से एक, ट्राइडेंट ग्रुप की मुख्य कंपनी ट्राइडेंट लिमिटेड ने एक बड़े भर्ती अभियान की घोषणा की है. कंपनी अपने मैन्युफैक्चरिंग ऑपरेशन्स के लिए 3,000 से अधिक कर्मयोगियों की नियुक्ति करेगी. यह पहल टेक्सटाइल मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में स्किल डेवलपमेंट को बढ़ावा देने और देश में रोज़गार के नए अवसर पैदा करने के राष्ट्रीय लक्ष्य का हिस्सा है.

इस घोषणा पर टिप्पणी करते हुए ट्राइडेंट ग्रुप की ग्रुप सीएचआरओ, पूजा बी. लूथरा ने कहा, 'ट्राइडेंट में हमारा यह मानना है कि भारत के औद्योगिक विकास की असली ताकत हमारी प्रतिभाएं हैं. इस भर्ती अभियान के ज़रिए हम न केवल अपने कार्यबल को मजबूत बना रहे हैं,

बल्कि भविष्य के लिए तैयार एक मजबूत मैन्युफैक्चरिंग ट्रांसफॉर्मेशन के जरिये राष्ट्रीय लक्ष्य का समर्थन भी कर रहे हैं. व्यावसायिक विस्तार से परे, हमारा ध्यान बेहतर करियर बनाने, समुदायों को मजबूत करने और भारत को ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में अग्रणी बनाने पर केंद्रित है.'

इस पहल के तहत ऑपरेटर, बुनकर, सिलाईकर्मी, फिटर, इलेक्ट्रीशियन और मल्टीपल टेक्निकल व ऑपरेशनल पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं. उम्मीदवारों का चयन उनकी शैक्षणिक योग्यता और संबंधित उद्योग अनुभव के आधार पर होगा.

ट्राइडेंट ने अनुभव और हुनर को सम्मान देने के लिए एक विशेष वेतन प्रारुप तैयार किया है. 2-3 वर्ष तक के अनुभव वाले प्रोफेशनल्स को ?25,000 प्रति माह, 3 से 5 वर्ष के अनुभव वाले उम्मीदवारों को ?36,000 प्रति माह और 5 से 7 वर्ष के अनुभव वाले विशेषज्ञों को ?50,000 प्रति माह का वेतन दिया जाएगा.

शानदार सैलरी के साथ ही, चुने गए उम्मीदवारों को परफॉरमेंस के आधार पर इंसेंटिव, बोनस और वेरिएबल पे जैसे आर्थिक लाभ भी दिए जाएंगे. कर्मचारियों की सुरक्षा और सुविधा का ध्यान रखते हुए कंपनी प्रोविडेंट फण्ड और ईएसआई कवरेज, मेडिकल सहायता, नि:शुल्क छात्रावास और सब्सिडी वाला भोजन भी उपलब्ध कराएगी. इसके साथ ही, विशेष ट्रेनिंग प्रोग्राम, जिम और खेल सुविधाओं के माध्यम से उनके समूचे विकास पर ज़ोर दिया जाएगा.

युवाओं के लिए प्रभावी रिज्यूमे बनाने के आसान तरीके

आज के प्रतिस्पर्धी दौर में युवाओं के लिए प्रभावी जीवन-वृत्त तैयार करना सफलता की पहली सीढ़ी माना जाता है. जीवन-वृत्त (रिज़्यूमे)केवल कागज़ पर लिखी जानकारी नहीं, बल्कि यह आपकी शिक्षा, कौशल, अनुभव और व्यक्तित्व का संक्षिप्त परिचय होता है. इसलिए इसे बनाते समय स्पष्टता, सटीकता और पेशेवर ढंग का विशेष ध्यान रखना चाहिए. सबसे पहले अपने नाम, संपर्क विवरण और ई-मेल पते को ऊपर स्पष्ट रूप से लिखें. इसके बाद करियर उद्देश्य लिखें, जिसमें दो से तीन पंक्तियों में यह बताएं कि आप किस क्षेत्र में काम करना चाहते हैं और संस्था को किस प्रकार योगदान दे सकते हैं. उद्देश्य संक्षिप्त, सकारात्मक और लक्ष्य आधारित होना चाहिए.

इसके बाद शैक्षणिक योग्यता का उल्लेख करें. नवीनतम योग्यता को पहले लिखें और फिर क्रमश: पिछली कक्षाओं या डिग्रियों का विवरण दें. अंक प्रतिशत या श्रेणी अवश्य लिखें, ताकि चयनकर्ता को आपकी शैक्षणिक पृष्ठभूमि स्पष्ट दिखाई दे. यदि आपने किसी विशेष प्रशिक्षण, कार्यशाला या प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम में भाग लिया है, तो उसे भी अलग शीर्षक के अंतर्गत शामिल करें. आज के समय में तकनीकी कौशल, जैसे कंप्यूटर ज्ञान, भाषा दक्षता और डिजिटल उपकरणों की समझ, युवाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है. इन्हें स्पष्ट बिंदुओं में लिखना लाभकारी रहता है.

यदि आपके पास कार्य अनुभव है तो उसे क्रमबद्ध तरीके से प्रस्तुत करें. संस्था का नाम, पद, कार्यकाल और मुख्य जिम्मेदारियों का उल्लेख करें. अनुभव न होने की स्थिति में आप इंटर्नशिप, परियोजना कार्य, स्वयंसेवी गतिविधियों या कॉलेज स्तर की उपलब्धियों को शामिल कर सकते हैं. इससे आपकी सक्रियता और नेतृत्व क्षमता प्रदर्शित होती है.

भारत संचार निगम में 120 पदों पर भर्ती

भारत संचार निगम लिमिटेड द्वारा वर्ष 2026 के लिए वरिष्ठ कार्यकारी प्रशिक्षु (सीनियर एग्जीक्यूटिव ट्रेनी) पदों पर भर्ती की आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी गई है. इस भर्ती अभियान के अंतर्गत कुल 120 पदों पर नियुक्ति की जाएगी. इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 05 फरवरी 2026 से प्रारंभ हो चुकी है, जबकि आवेदन की अंतिम तिथि 07 मार्च 2026 निर्धारित की गई है.

अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे अंतिम तिथि से पहले ही अपना आवेदन पत्र सावधानीपूर्वक भर लें. आवेदन शुल्क का भुगतान भी 07 मार्च 2026 तक किया जा सकेगा. यदि किसी अभ्यर्थी से आवेदन पत्र भरते समय त्रुटि हो जाती है तो सुधार की सुविधा 08 मार्च से 15 मार्च 2026 तक उपलब्ध रहेगी. लिखित परीक्षा का आयोजन 29 मार्च 2026 को प्रस्तावित है तथा प्रवेश पत्र परीक्षा से पूर्व जारी किए जाएंगे.

इस भर्ती के लिए न्यूनतम आयु सीमा 21 वर्ष निर्धारित की गई है. सामान्य, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तथा अन्य पिछड़ा वर्ग (क्रीमी लेयर) के लिए अधिकतम आयु 30 वर्ष रखी गई है. अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर) के अभ्यर्थियों को 33 वर्ष तक तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों को 35 वर्ष तक की आयु सीमा में छूट प्रदान की गई है. आयु की गणना 07 मार्च 2026 के आधार पर की जाएगी.

पदों का विवरण इस प्रकार है— दूरसंचार शाखा में वरिष्ठ कार्यकारी प्रशिक्षु के 95 पद तथा वित्त शाखा में 25 पद निर्धारित किए गए हैं. दूरसंचार शाखा के लिए अभ्यर्थी के पास इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दूरसंचार, इलेक्ट्रॉनिक्स, कंप्यूटर विज्ञान, सूचना प्रौद्योगिकी, विद्युत या उपकरण अभियांत्रिकी में बी.ई. या बी.टेक उपाधि न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों के साथ होना अनिवार्य है. वहीं वित्त शाखा के लिए अभ्यर्थी का चार्टर्ड लेखाकार या लागत एवं प्रबंधन लेखाकार की योग्यता प्राप्त होना आवश्यक है.

आवेदन शुल्क सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 2500 रुपये तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं दिव्यांग वर्ग के लिए 1250 रुपये निर्धारित किया गया है. शुल्क का भुगतान डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग, त्वरित भुगतान सेवा, नकद कार्ड या मोबाइल वॉलेट के